आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 08.07.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में की गई हॉग डियर की गणना। हॉग डियर की अधिक संख्या होने से बाघ का कुनबा बढ़ने की भी उम्मीद।
- कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल और जापान के एक संस्थान के बीच छात्र विनिमय कार्यक्रम को लेकर सहमति बनी।
- कांवड़ मेले में यातायात और पार्किंग की सुगमता के लिए हरिद्वार जिला प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज किया।
- चमोली जिले में कल रात अतिवृष्टि से मोख सेरा में ग्रामीणों की कृषि भूमि को नुकसान। घरों में मलबा घुसा। तहसील प्रशासन की टीम नुकसान का जायजा ले रही है।

हॉग डियर गणना

उत्तराखंड के मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के निर्देश पर हॉग डियर की अनुकूलता की जानकारी के लिए हॉग डियर की गणना की गई है। यह गणना कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के सभी 12 रेंजों में प्रत्येक बीट स्तर पर की गई। हर बीट में नियुक्त किये गए कर्मचारियों ने निर्धारित समय अवधि में हॉग डियर की संख्या का आकलन किया। जिम कॉर्बेट पार्क के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि तीन दिनों तक चली इस गणना में पार्क के अंदर एक सौ नवासी हॉग डियर प्रत्यक्ष रूप से देखे गए, जो पार्क प्रशासन के लिए खुशी का विषय है।

उन्होंने बताया कि हॉग डियर की अधिक संख्या होने से बाघ का कुनबा बढ़ने की भी उम्मीद है।

सहमति

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल और जापान के जापान एडवांस्ड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान–जेएआईएसटी के बीच छात्र विनिमय कार्यक्रम को लेकर सहमति बनी है। इस पहल के तहत दोनों संस्थानों के बीच उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में सहयोग को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कार्य शुरू किया गया है। इस संबंध में कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत के नेतृत्व में जेएआईएसटी जापान के प्रोफेसर काजुआकी मात्सुमुरा और विश्वविद्यालय की शैक्षणिक टीम के बीच एक ऑनलाइन बैठक हुई। बैठक में प्रस्तावित कार्यक्रम की रूप–रेखा, क्रियान्वयन योजना और भावी रणनीति पर विस्तार से विचार करते हुए सहमति बनी कि जेएआईएसटी के उपाध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल दिसंबर में कुमाऊं विश्वविद्यालय का दौरा करेगा। प्रोफेसर रावत ने कहा कि कार्यक्रम के पहले चरण में विश्वविद्यालय के परिसरों से 2 से 3 स्नातक विद्यार्थियों को तीन माह के लिए जेएआईएसटी जापान भेजा जाएगा। जहां वे वहां के वैज्ञानिकों और संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे।

यह अनुभव विद्यार्थियों को भविष्य में स्नातकोत्तर और पीएचडी अध्ययन के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा और पारस्परिक समझ व शोध साझेदारी को नई दिशा देगा। बैठक में यह भी सहमति बनी कि आगामी वर्षों में इस कार्यक्रम का विस्तार कंप्यूटर विज्ञान, ललित कला और अन्य विषयों तक भी किया जाएगा। इसके लिए आगामी चरणों की रूपरेखा तैयार कर प्रस्ताव विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद में अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

## मोबाइल टॉवर सील

देहरादून जिला प्रशासन ने विकासनगर तहसील के अंतर्गत ग्राम बहादुरपुर सेलाकुई राजा वाला रोड और वॉर्ड–5 रामबाग हरबर्टपुर में मानकों की अनदेखी कर घनी आबादी में लगाए गए मोबाइल टॉवर को सील कर दिया है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि मोबाइल टॉवर हाई फ्रीक्वेंसी के हैं, जिससे क्षेत्रवासियों विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं में रेडिएशन फैलने का खतरा बना हुआ था। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी अगर बिना अनुमति के कोई टॉवर लगाया गया, तो उसे सील कर दिया जाएगा।

## कांवड़ मेला

आगामी 11 जुलाई से शुरू होने वाले श्रावण मास के कांवड़ मेले में यातायात और पार्किंग की सुगमता के लिए हरिद्वार जिला प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के निर्देश पर शहर कोतवाली पुलिस ने गंगा घाटों के किनारे से अतिक्रमण हटाया और दुकानों में सीसीटीवी कैमरे व रेट लिस्ट की जांच की। अन्य थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग और सड़कों के किनारे अवैध दुकानों, खोखों और ठेलियों को हटाने की कार्रवाई की।

## अतिवृष्टि नुकसान

चमोली जिले में कल रात अतिवृष्टि के कारण नंदानगर विकासखंड के मोख सेरा में ग्रामीणों की कृषि भूमि और दो गौशालाओं को नुकसान पहुंचा है। साथ ही कई घरों में मलबा भी घुसा है। अतिवृष्टि से नंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। हालांकि क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि प्रभावितों को तत्काल राहत देने के साथ ही ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि तहसील प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा ले रही है।

## प्रोत्साहन योजना

देश में युवाओं के लिए व्यापक रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने और सतत आर्थिक विकास को बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में रोजगार आधारित प्रोत्साहन योजना को स्वीकृति दी गई है। योजना के बारे में अधिक जानकारी देने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के देहरादून स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त विश्वजीत सागर ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य देश के करोड़ों युवाओं को औपचारिक क्षेत्र में रोजगार से जोड़ना, वित्तीय जागरुकता बढ़ाना और उद्योगों को रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहित करना है।

निरीक्षण

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड– उपनल के मुख्य कार्यालय का औचक निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में उपस्थिति पंजिका, फाइल प्रबंधन प्रणाली, शिकायत निवारण प्रक्रिया और सेवा प्रदाय की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से उपनल द्वारा दी जा रही सेवाओं की जानकारी भी ली। श्री जोशी ने कार्यालय में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक और समयबद्ध सेवाएं प्रदान करने के उपनल के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपनल के माध्यम से पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को रोजगार से जोड़ने का जो उद्देश्य है, उसे पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित किया जाना चाहिए।

पीएम कुसुम योजना

प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान यानी पीएम कुसुम योजना से किसान सिंचाई के लिए सोलर पंप लगा रहे हैं। इसके लिए सरकार सब्सिडी दे रही है। नैनीताल जिले के रामनगर क्षेत्र में अब तक 22 से अधिक सोलर पंप लगाए जा चुके हैं और 10 से अधिक प्रस्तावित हैं। सोलर पंप लगाने के लिए किसानों के पास खुद की 300 फीट बोरिंग होना अनिवार्य है। लघु सिंचाई खंड के अपर सहायक अभियंता प्रमोद कुमार के अनुसार सोलर पंप के लिए किसानों को 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है, जबकि 20 फीसदी धनराशि किसानों को देनी होगी। किसान इसका लाभ उठा रहे हैं और लगातार सोलर पंप लगाने के लिए आवेदन कर रहे हैं।